# PAPER-II
# SOCIAL WORK

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 1 0 1 6**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen provided by C.B.S.E.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण** : ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल C.B.S.E. द्वारा प्रदान किये गये काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



www.examrace.com

## SOCIAL WORK
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The group in social group work is

(a) Systematically formed

(b) Contains specific objectives

(c) Emphasis on individual

(d) Spontaneously comes into existence

**Codes :**

(1) (a) only

(2) (a) and (b) only

(3) (a), (b) and (c) only

(4) (a), (b), (c) and (d)

**2.** "Conscientisation" approach in community organization is

(1) Providing services

(2) Praxis

(3) Organising people at mass level

(4) Understanding community for research

**3.** Which among the following is not correct with regard to counselling ?

(1) In counseling, no concrete help is provided but only guidance is provided to solve his/her problem.

(2) Counselling is a process.

(3) Counselling aims at enabling individuals to solve present problems to prepare them for future tasks.

(4) Counsellor assists the counsellee to make interpretations of facts relating to a choice, plan or adjustment.

**4.** The sum of the deviations of all the values of X from their arithmetic mean is

(1) Maximum

(2) Minimum

(3) Zero

(4) One

**5.** Relationship between Mean, Median and Mode in a asymmetrical distribution is

(1) Median = 3 Mode – 2 Mean

(2) Mean = 2 Mode – 3 Median

(3) Mean = 3 Median – 2 Mode

(4) Mode = 3 Median – 2 Mean



www.examrace.com

## समाज कार्य

### प्रश्न-पत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** वह समूह जो सामाजिक समूहकार्य में है

(a) व्यवस्थित रूप से गठित है ।

(b) उसके विशिष्ट उद्देश्य होते हैं ।

(c) व्यक्ति पर जोर देता है ।

(d) स्वाभाविक रूप से अस्तित्व में आता है ।

**कूट :**

(1) केवल (a)

(2) केवल (a) एवं (b)

(3) केवल (a), (b) एवं (c)

(4) (a), (b), (c) एवं (d)

**2.** सामुदायिक संगठन में 'संचेतना' उपागम है

(1) सेवाएं प्रदान करना

(2) प्रैक्सिस

(3) समूह स्तर पर लोगों को संगठित करना

(4) शोध हेतु समुदाय को समझना

**3.** निम्नलिखित में से कौन परामर्श के बारे में सही नहीं है ?

(1) परामर्श में किसी व्यक्ति की समस्या का समाधान नहीं प्रदान किया जाता बल्कि केवल मार्गदर्शन दिया जाता है ।

(2) परामर्श एक प्रक्रिया है ।

(3) परामर्श का लक्ष्य व्यक्तियों की वर्तमान समस्याओं के समाधान में उसे समर्थ बनाना है ताकि उन्हें भावी कार्य के लिये तैयार किया जा सके ।

(4) परामर्शदाता परामर्शार्थी को उसकी पसंद, योजना अथवा समायोजन संबंधी तथ्यों की व्याख्या करने में मदद करता है ।

**4.** अपने गणितीय माध्य से X के सभी मूल्यों के विचलनों का योग है :

(1) अधिकतम

(2) न्यूनतम

(3) शून्य

(4) एक

**5.** किसी असममित वितरण में माध्य, माध्यिका तथा बहुलक के बीच संबंध है :

(1) माध्यिका = 3 बहुलक – 2 माध्य

(2) माध्य = 2 बहुलक – 3 माध्यिका

(3) माध्य = 3 माध्यिका – 2 बहुलक

(4) बहुलक = 3 माध्यिका – 2 माध्य



www.examrace.com

**6.** The household division of labour remains gendered which means that

(1) The distribution of household work between men and women is equal.

(2) Women do the lion's share of unpaid labour within households.

(3) There is an increasing entry of women in labour force.

(4) The labour force comprises of equal number of both the sexes.

**7.** Probation of Offenders Act was passed in India in the year

(1) 1958 (2) 1960

(3) 1963 (4) 1986

**8.** Which one of the following categories of Fundamental Rights incorporates 'Abolition of Untouchability' ?

(1) Right to Freedom of Religion

(2) Right to Equality

(3) Right to Freedom

(4) Right against Exploitation

**9.** Which of the following are the main processes of performance appraisal ?

(1) Identification, Measurement, Management

(2) Assessment, Direction, Development

(3) Recruitment, Selection, Onboarding

(4) Skill, Efforts, Responsibility

**10.** Grouping of similar types of work in an organization is known as

(1) Job Classification (2) Job Design

(3) Job Evaluation (4) Job Description

**11.** The theory of delinquent subculture was first articulated by

(1) Albert Cohen (2) Merton

(3) Wilson (4) Jeffrey

**12.** Blocking a wish or desire from expression is termed as

(1) Denial (2) Repression

(3) Projection (4) Regression



www.examrace.com

**6.** लिंग आधारित होने वाले श्रम के घरेलू विभाजन का तात्पर्य है

(1) पुरुषों एवं महिलाओं के बीच घरेलू कार्य का विभाजन समान है ।

(2) महिलाएँ घर पर अधिकांश अदत्त श्रम संबंधी कार्य करती हैं ।

(3) श्रमिक बल में महिलाओं के प्रवेश में वृद्धि हो रही है ।

(4) श्रमिक बल में दोनों लिंगों के व्यक्तियों की समान संख्या होती है ।

**7.** भारत में अपराधी परिवीक्षा अधिनियम _______ वर्ष में पारित हुआ था ।

(1) 1958 (2) 1960

(3) 1963 (4) 1986

**8.** मूल अधिकारों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में 'अस्पृश्यता का अंत' को शामिल किया गया है ?

(1) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(2) समानता का अधिकार

(3) स्वतंत्रता का अधिकार

(4) शोषण के विरुद्ध अधिकार

**9.** निम्नलिखित में से कौन निष्पत्ति मूल्यांकन की मुख्य प्रकियाएँ हैं ?

(1) पहचान, मापन, प्रबंधन

(2) आंकलन, निर्देश, विकास

(3) भर्ती, चयन, दाखिल होना

(4) निपुणता, प्रयास, उत्तरदायित्व

**10.** किसी संगठन में एक प्रकार के कार्यों का समूहन ________ भी कहा जाता है ।

(1) कार्य वर्गीकरण (2) कार्य डिजाइन

(3) कार्य मूल्यांकन (4) कार्य वर्णन

**11.** किशोर अपराध उप-संस्कृति सिद्धान्त पहली बार ________ द्वारा बताया गया था ।

(1) अल्बर्ट कोहेन (2) मर्टन

(3) विल्सन (4) जेफ्री

**12.** किसी कामना अथवा इच्छा की अभिव्यक्ति कों प्रकटन से अवरुद्ध किया जाना कहलाता है

(1) अस्वीकृति (2) निग्रह

(3) प्रक्षेपण (4) पश्चगमन



www.examrace.com

**13.** The sexual division of labour reappears in the labour market implying that

(i) women are working in those very jobs they used to do at home.

(ii) these jobs are low status and low paid with patriarchal relations intact.

(iii) the shift is from family-based to industrially-based patriarchy.

**Codes :**

(1) (i) only
(2) (i) and (ii) only
(3) (i), (ii) and (iii)
(4) (i) and (iii) only

**14.** Self esteem is a

(1) Personality
(2) Norm
(3) Trait
(4) Ritual

**15.** Bhoodan took place first in

(1) Lingampalli
(2) Pochampalli
(3) Surat
(4) Ernakulam

**16.** In case of negatively skewed distribution

(1) Mean > Median > Mode
(2) Mean > = Median > = Mode
(3) Mean < Median < Mode
(4) Mean = Median = Mode

**17.** Biological school of thought on crime was proposed by

(1) Dunhum
(2) Jock Young
(3) Lambroso
(4) Ferri

**18.** Which among the following is associated with labelleing theory in crime ?

(1) Howard Becker
(2) Lambroso
(3) Sutherland
(4) Ferri

**19.** What is the number of proposed indicators to compliance of Development Agenda title as Transforming our World adopted in U.N. General Assembly ?

(1) 310
(2) 315
(3) 290
(4) 304



www.examrace.com

**13.** श्रमिक बाजार में श्रमिकों का लैंगिक विभाजन पुन: प्रकट हो रहा है, इसका अभिप्राय है :

(i) महिलाएँ उन्हीं कार्यों को कर रही हैं जिन्हें वे घर पर करने की आदी हैं ।

(ii) वे कार्य निम्न हैसियत के हैं तथा उनके लिये कम भुगतान किया जाता है और पैतृक संबंध अक्षुण्ण रहते हैं ।

(iii) यह अन्तरण परिवार आधारित पितृ सत्ता से उद्योग आधारित पितृ सत्ता की ओर है ।

**कूट :**

(1) केवल (i)
(2) केवल (i) और (ii)
(3) केवल (i), (ii) और (iii)
(4) केवल (i) और (iii)

**14.** आत्मसम्मान ________ है ।

(1) व्यक्तित्व
(2) मानदंड
(3) विशेष गुण
(4) अनुष्ठान

**15.** पहली बार भूदान कहाँ से चलाया गया ?

(1) लिंगमपल्ली
(2) पोचमपल्ली
(3) सुरत
(4) एरनाकुलम

**16.** ऋणात्मक वैषम्य वितरण के मामले में

(1) माध्य > माध्यिका > बहुलक
(2) माध्य > = माध्यिका > = बहुलक
(3) माध्य < माध्यिका < बहुलक
(4) माध्य = माध्यिका = बहुलक

**17.** अपराध के विषय में जीव वैज्ञानिक विचारधारा को प्रस्तुत _________ ने किया था ।

(1) दन्हेम
(2) जॉक यंग
(3) लैम्ब्रोसो
(4) फेरी

**18.** निम्नलिखित में से कौन अपराध के नामपत्रण सिद्धान्त से संबंधित है ?

(1) हावर्ड बेकर
(2) लैम्ब्रासो
(3) सदरलैंड
(4) फेरी

**19.** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंगीकृत 'ट्रान्सफॉर्मिंग अवर वर्ल्ड' नामक विकास कार्यवृत्त के अनुपालन संबंधी प्राप्तावित सूचकों की संख्या क्या है ?

(1) 310
(2) 315
(3) 290
(4) 309



www.examrace.com

**20.** Effective time management is

(i) Plan long term

(ii) Plan short term

(iii) Make to-do list

(iv) Deligate tasks to other

**Codes :**

(1) (iii) and (iv) (2) (ii), (iii) and (iv)

(3) (ii) and (iv) (4) (i), (iii) and (iv)

**21.** Which of the following are methods of resolving disagreements ?

(i) Coercion

(ii) Altruistic concession

(iii) Mapping an issue

(iv) Avoidance

**Codes :**

(1) (iii) and (iv) (2) (ii), (iii) and (iv)

(3) (i), (iii) and (iv) (4) (i), (ii) and (iii)

**22.** The term 'half-widows' is understood as

(1) Woman whose husbands have disappeared but not declared dead.

(2) Women who have been victims of child marriage.

(3) Women whose husbands are dead but their bodies not traced.

(4) Women availing pension on behalf of their husbands.

**23.** Project proposal includes

(i) Challenges faced by the organization

(ii) Objectives of the project

(iii) Budget

(iv) Liabilities

**Codes :**

(1) (i) and (ii) only (2) (ii) and (iii) only

(3) (i), (iii) and (iv) only (4) (i), (ii) and (iii) only

**24.** Special homes as per the J.J. Act, 2016 are meant for

(1) Street children (2) Orphaned children

(3) Children in conflict with law (4) Neglected children



www.examrace.com

**20.** प्रभावी समय प्रबंधन है

(i) दीर्घकालीन योजना निर्माण

(ii) अल्पकालीन योजना निर्माण

(iii) कार्य सूची तैयार करना

(iv) दूसरों को कार्य प्रत्यायोजित करना

**कूट :**

(1) (iii) और (iv)
(2) (ii), (iii) और (iv)
(3) (ii) और (iv)
(4) (i), (iii) और (iv)

**21.** निम्नलिखित में से कौन असहमति दूर करने की विधियाँ हैं ?

(i) अवपीड़न

(ii) परार्थोन्मुख रियायत

(iii) विषय पर मानचित्रण

(iv) परिहार

**कूट :**

(1) (iii) और (iv)
(2) (ii), (iii) और (iv)
(3) (i), (iii) और (iv)
(4) (i), (ii) और (iii)

**22.** अर्द्ध विधवा पद को इस प्रकार समझा जाता है :

(1) वे महिलाएँ जिनके पति गायब हैं परंतु उन्हें मृत घोषित नहीं किया गया है ।

(2) वे महिलाएँ जो बाल विवाह से पीड़ित हैं ।

(3) वे महिलाएँ जिनके पति की मृत्यु हो गयी है, परंतु उनके शरीर का कोई अता-पता नहीं है ।

(4) वे महिलाएँ जिन्हें उनके पति के पक्ष में पेंशन प्राप्त हो रहा है ।

**23.** परियोजना प्रस्ताव में शामिल है

(i) संगठन के समक्ष चुनौतियाँ

(ii) परियोजना के उद्देश्य

(iii) बजट

(iv) देयताएँ

**कूट :**

(1) केवल (i) और (ii)
(2) केवल (ii) और (iii)
(3) केवल (i), (iii) और (iv)
(4) केवल (i), (ii) और (iii)

**24.** किशोर न्याय अधिनियम, 2016 के अनुसार विशेष गृह है :

(1) स्ट्रीट चिल्ड्रेन के लिए
(2) अनाथ बच्चों के लिए
(3) कानून के विरुद्ध बच्चों के लिए
(4) उपेक्षित बच्चों के लिए



www.examrace.com

**25.** Metacommunication relates to

(1) Verbal behaviour

(2) Non-verbal cues

(3) Verbal and non-verbal behaviour

(4) Para language

**26.** When synergy takes place and develops ;

(1) Team members adopt conservative ideas

(2) Team members take up tasks passionately

(3) Team members introspect themselves

(4) Team members reallocate their job roles

**27.** Which are the elements that decide whether a person or an action is abnormal ?

(a) Suffering

(b) Violation of standards

(c) Loss of control

(d) Insecurity

**Codes :**

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (a), (b) and (c) only

(3) (a) and (b) only (4) (a) only

**28.** Disorders of Traits are known as

(1) Personality disorders

(2) Anxiety disorders

(3) Sexual disorders

(4) Obsessive-compulsive disorders

**29.** Which scale is used to determine the relative intensity of different items ?

(1) Thurston scale (2) Likert scale

(3) Guttman scale (4) Bogardus scale

**30.** Who is responsible for programme planning in the practice of social group work ?

(1) Group worker

(2) Agency officials

(3) Members of the group with the guidance from the group worker

(4) Group leader



www.examrace.com

**25.** मेटा संचार ________ से संबंधित है ।

(1) वाचिक व्यवहार

(2) अवाचिक संकेत

(3) वाचिक और अवाचिक व्यवहार

(4) पैरा लैंग्विज

**26.** जब सहक्रिया होती है और उसका विकास होता है तब

(1) दल के सदस्य रूढ़िवादी विचार अपनाते हैं ।

(2) दल के सदस्य अपने कार्य भावपूर्ण ढँग से शुरू करते हैं ।

(3) दल के सदस्य स्वयं आत्मनिरीक्षण करते हैं ।

(4) दल के सदस्य अपने कार्यों का पुनर्आबटन करते हैं ।

**27.** ऐसे कौन से तत्त्व हैं जो यह निर्णीत करते हैं कि एक व्यक्ति अथवा एक क्रिया असामान्य है ?

(a) कष्ट

(b) मानकों की अवहेलना

(c) नियन्त्रण की कमी

(d) असुरक्षा

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) और (d) (2) केवल (a), (b) और (c)

(3) केवल (a) और (b) (4) केवल (a)

**28.** विशेष गुणों के विकारों को जाना जाता हैं

(1) व्यक्तित्व विकार

(2) दुश्चिन्ता विकार

(3) लैंगिक विकार

(4) बाध्यता मनोग्रस्ति विकार

**29.** विभिन्न मदों की सापेक्ष तीव्रता निर्धारित करने हेतु किस अनुमाप का उपयोग किया जाता है ?

(1) थर्स्टन अनुमाप (2) लिकर्ट अनुमाप

(3) गुट्टमैन अनुमाप (4) बोगार्डस अनुमाप

**30.** सामाजिक समूह कार्य के अभ्यास में कार्यक्रम आयोजना के लिये कौन जिम्मेदार हैं ?

(1) समूह कार्यकर्ता

(2) एजेंसी कर्मचारी

(3) समूह कार्यकर्ता से मार्गदर्शन के साथ समूह के सदस्य

(4) समूह नेता



www.examrace.com

**31.** What is the relationship between community organization and community development ?

(1) The two have nothing in common.

(2) Community development is currently used mainly in relation to rural areas of less developed countries whereas community organization is used in areas in which levels of living are relatively high with well developed social service.

(3) Both terms are often used interchangeably.

(4) Community development is a field in which community organization is practiced by professionally trained community organisers.

**32.** Which of the following is not a skill needed for social group worker in the practice of social group work ?

(1) skill in dealing with group feelings

(2) skill in programme development

(3) skill in participation

(4) skill in evaluation

**33.** Direct physical action model of social action is a form of

(1) Elitist form of social action

(2) Popular form of social action

(3) Conscientization form of social action

(4) Legislative form of social action

**34.** Thomas A. Harris describes the four possible life positions in transactional analysis that one takes about oneself and others. Arrange these positions in the sequence as described by him.

(i) I am not OK – You are OK

(ii) I am OK – You are OK

(iii) I am not OK – You are not OK

(iv) I am OK – You are not OK

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**35.** The proper sequence of the steps in the Contact Phase of the Compton and Galaway's Problem Solving Model is

(1) Problem identification, Exploration, Contract, Goal identification

(2) Problem identification, Goal identification, Contract, Exploration

(3) Exploration, Contract, Problem identification, Goal identification

(4) Goal identification, Problem identification, Contract, Exploration



www.examrace.com

**31.** सामुदायिक संगठन और सामुदायिक विकास के बीच क्या संबंध है ?

(1) दोनों में कोई समानता नहीं है ।

(2) वर्तमान में सामुदायिक विकास का उपयोग मुख्यत: अल्प विकसित देशों के ग्रामीण क्षेत्रों के संबंध में किया जाता है जबकि सामुदायिक संगठन का उपयोग उन क्षेत्रों में किया जाता है जहाँ जीवनयापन का स्तर सुविकसित सामाजिक सेवा के साथ अपेक्षाकृत ऊँचा है ।

(3) बहुधा दोनों शब्दों का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जाता है ।

(4) सामुदायिक विकास एक क्षेत्र है जिसमें सामुदायिक संगठन का अभ्यास व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित सामुदायिक संगठन कार्यकर्ता द्वारा किया जाता है ।

**32.** निम्नलिखित में से कौन सी निपुणता है जिसकी आवश्यकता सामाजिक समूह कार्य के अभ्यास में सामाजिक समूह कार्यकर्ता के लिये नहीं होती है ?

(1) समूह भावना के साथ कार्य करने में निपुणता

(2) कार्यक्रम विकास में निपुणता

(3) भागीदारी में निपुणता

(4) मूल्यांकन में निपुणता

**33.** सामाजिक क्रिया का प्रत्यक्ष शारीरिक क्रिया प्रतिमान _________ का प्रारूप है ।

(1) सामाजिक क्रिया का संभ्रांत व्यक्ति स्वरूप (2) सामाजिक क्रिया का लोकप्रिय स्वरूप

(3) सामाजिक क्रिया का संचेतना स्वरूप (4) सामाजिक क्रिया का विधायी स्वरूप

**34.** टॉमस ए. हैरिस के संव्यवहारात्मक विश्लेषण में एक व्यक्ति दूसरे के बारे में क्या विचार रखता हैं, चार संभावित जीवन स्थितियों का वर्णन करता है । इन स्थितियों को उनके द्वारा किये गये वर्णन के अनुसार व्यवस्थित कीजिये :

(i) मैं ठीक नहीं हूँ – आप ठीक हैं ।

(ii) मैं ठीक हूँ – आप ठीक हैं ।

(iii) मैं ठीक नहीं हूँ – आप ठीक नहीं हैं ।

(iv) मैं ठीक हूँ – आप ठीक नहीं हैं ।

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**35.** काम्पटन तथा गेलेवे के समस्या समाधान प्रतिमान के सम्पर्क फेज में चरणों का सही अनुक्रम हैं

(1) समस्या की पहचान, अन्वेषण, संविदा, लक्ष्य की पहचान

(2) समस्या की पहचान, लक्ष्य की पहचान, संविदा, अन्वेषण

(3) अन्वेषण, संविदा, समस्या की पहचान, लक्ष्य की पहचान

(4) लक्ष्य की पहचान, समस्या की पहचान, संविदा, अन्वेषण



www.examrace.com

**36.** Arrange the following commissions in sequence as per the year of establishment starting from the earliest to the later :

(i) Central Information Commission

(ii) National Commission for Safai Karamcharis

(iii) National Commission for Women

(iv) National Commission for Backward Classes

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**37.** Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of codes given below :

| **List – I (Characteristics)** | **List – II (Principles of social case work)** |
|---|---|
| a. Uniqueness | i. Acceptance |
| b. Subjectivity | ii. Individualization |
| c. No prejudice | iii. Non-judgemental attitude |
| d. Rationality | iv. Purposeful expression of feeling |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | i | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iii | iv | ii | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |

**38.** Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Theory X | i. Control system that are less formal. |
| b. Theory Y | ii. Motivation and Hygiene |
| c. Theory Z | iii. Prefers to be directed |
| d. Two factor Theory | iv. Self direction and self control |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | iv | i | iii | ii |



www.examrace.com

**36.** निम्नलिखित आयोगों को उनके सबसे पहले स्थापित होने एवं बाद में स्थापित होने के वर्ष के क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(i) राष्ट्रीय सूचना आयोग

(ii) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग

(iii) राष्ट्रीय महिला आयोग

(iv) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**37.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I (विशेषताएँ)** | **सूची – II (सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य के सिद्धान्त)** |
|---|---|
| a. अनोखापन | i. स्वीकार्यता |
| b. वस्तु निष्ठता | ii. वैयक्तीकरण |
| c. कोई पूर्वग्रह नहीं | iii. अनिर्णयात्मक मनोवृत्ति |
| d. औचित्य | iv. भावनाओं की सोद्देश्य अभिव्यक्ति |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | i | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iii | iv | ii | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |

**38.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. सिद्धान्त X | i. वह व्यवस्था जो कम औपचारिक है । |
| b. सिद्धान्त Y | ii. अभिप्रेरणा एवं स्वच्छता |
| c. सिद्धान्त Z | iii. निर्देशित होने का दावा करता है । |
| d. द्विकारक सिद्धान्त | iv. आत्म निर्देशन एवं आत्म नियंत्रण |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | iv | i | iii | ii |



www.examrace.com

**39.** Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of codes given below :

| List – I (Feeling/Attitude) | | List – II (Defence Mechanism) | |
|---|---|---|---|
| a. | Developing feeling / attitude opposite to anxiety | i. | Intellectualisation |
| b. | Avoiding anxiety | ii. | Rationalisation |
| c. | Questioned to explain attitudes, beliefs or behaviour | iii. | Isolation |
| d. | Logic and reasoning for avoiding conflict | iv. | Reaction formation |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | iv | iii | ii | i |

**40.** Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of codes given below :

| List – I (Therapies/theories) | | List – II (Pioneers) | |
|---|---|---|---|
| a. | Client-centred Therapy | i. | Aaron Beck |
| b. | Cognitive Therapy | ii. | Otto Rank |
| c. | Gestalt Therapy | iii. | Fritz Perls |
| d. | Functional Theory | iv. | Carl Rogers |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | ii | iii | i |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | iv | i | iii | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |



www.examrace.com

**39.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I (भावनाएँ/मनोवृत्ति)** | | **सूची – II (रक्षा युक्ति)** |
|---|---|---|
| a. दुश्चिंता के विपरीत भावना / मनोवृत्ति विकसित करना | i. | प्राज्ञीकरण |
| b. दुश्चिंता का परिहार करना | ii. | औचित्य स्थापन |
| c. मनोवृत्ति, विश्वास अथवा व्यवहार की व्याख्या करने हेतु प्रश्न करना । | iii. | पृथक्करण |
| d. द्वन्द्व का परिहार करने हेतु तर्क एवं तर्कन | iv. | प्रतिक्रिया विधान |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | iv | iii | ii | i |

**40.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची – I (चिकित्सा/सिद्धान्त)** | | **सूची – II (प्रवर्तक)** |
|---|---|---|---|
| a. | सेवार्थी केन्द्रित सिद्धान्त | i. | आरोन बेक |
| b. | संज्ञानात्मक चिकित्सा | ii. | आटो रैंक |
| c. | गेस्टाल्ट चिकित्सा | iii. | फ्रिट्ज पर्ल्स |
| d. | प्रकार्यात्मक सिद्धान्त | iv. | कार्ल रोजर्स |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | ii | iii | i |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | iv | i | iii | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |



www.examrace.com

**41.** **Assertion (A) :** The divorce rate in India is lesser than the Western Countries.

**Reason (R) :** The rate of divorce will remain lesser in India due to socio-cultural ethos prevalent.

**Codes :**

(1) (A) is correct and (R) is false.

(2) Both (A) and (R) are false.

(3) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are correct but (R) is not correct explanation of (A).

**42.** **Assertion (A) :** When people are disabled by disease, stress is placed, in turn, on family members and others who support and sustain them.

**Reason (R) :** Social workers address all relevant systems – biological, social and psychological that influence a person's situation.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true and (R) is false.

(4) (A) is false and (R) is true.

**43.** **Assertion (A) :** In India, people with mental disorders suffer from stigma.

**Reason (R) :** Many Indians are conservative and orthodox.

**Codes :**

(1) (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) (A) is correct and (R) is not correct.

(3) Both (A) and (R) are not correct.

(4) (A) is not correct and (R) is correct.

**44.** **Assertion (A) :** Working with families helps in social work practice.

**Reason (R) :** Social workers must understand family background of client.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are incorrect.

(2) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(4) (A) is not correct but (R) is correct.



www.examrace.com

**41.** **अभिकथन (A)** : भारत में तलाक की दर पश्चिमी देशों की तुलना में कम है ।

**तर्क (R)** : सामाजिक-सांस्कृतिक लोकाचार मौजूद रहने के कारण भारत में तलाक दर कम बनी रहेगी ।

**कूट :**

(1) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही है, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**42.** **अभिकथन (A)** : जब लोग रोग से निःशक्त हो जाते हैं, तो इसके फलस्वरूप उनके परिवार के उन सदस्यों एवं अन्य के ऊपर दबाव आ जाता है जो उनकी सहायता एवं पालन-पोषण करते हैं ।

**तर्क (R)** : सामाजिक कार्यकर्ता उन सभी प्रासंगिक व्यवस्थाओं - जीव वैज्ञानिक, समाजिक और मनोवैज्ञानिक व्यवस्थाओं - पर ध्यान देते हैं जिनसे किसी व्यक्ति की स्थिति प्रभावित होती है ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

**43.** **अभिकथन (A)** : भारत में मनोविकार से पीड़ित व्यक्तियों को लांछन झेलना पड़ता है ।

**तर्क (R)** : अनेक भारतीय रूढ़िवादी तथा कट्टरपंथी होते हैं ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) सही हैं, परंतु (R) गलत है ।

(3) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

**44.** **अभिकथन (A)** : परिवार में कार्य करने से सामाजिक कार्य व्यवहार में सहायता मिलती है ।

**तर्क (R)** : सामाजिक कार्यकर्ताओं को सेवार्थियों की पृष्ठभूमि अवश्य समझना चाहिए ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(2) (A) और (R) दोनों सही है, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।



www.examrace.com

45. **Assertion (A) :** For changing a system, the group must have access to strategic people or sub-groups within the system.

**Reason (R) :** Group leadership must have competence to handle opinion makers.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are not correct.

(2) (A) is correct but (R) is not correct.

(3) (A) is not correct but (R) is correct.

(4) Both (A) and (R) are correct.

Read the passage given below and answer the following questions (**46** to **50**) as per understanding of the passage :

Extreme poverty is the result of permanent or long lasting forms of precariousness that undermine the capacity of individuals, families, communities and population groups. Extreme poverty cannot be overcome by material aid and capacity building alone, nor can poverty reduction initiatives be successful unless they are based on the recognition of the inherent dignity and on the equal and inalienable rights of all members of the human family.

In practice all over the world, social workers concern about poverty has increased because of their long history in working with the marginalized, or excluded, those lacking resources, scenarios which push them to poverty situations. Three dimensions of extreme poverty namely; income poverty, human development poverty and social exclusion have been central concepts in the development of social work over the past century. At the micro level of daily practice, social workers are used to dealing with poverty and also with the risk assessment, working creatively and innovatively to help people (individuals and communities) to understand their situation and to change their behaviour and their environment, where possible.

One role that derives increased attention is community development, which requires skills in community analysis, social planning, community organizing and social action. Community development requires the ability to foster economic opportunities for area residents through work on industrial retention, local business development, job training, and placement. Another role is community practice which calls for social workers to help people to discover their own resources and their own ability to create influence and positive change. The importance of this has been underscored by realizing that poverty involves a complex set of interactions between personal characteristics and a community's resources and opportunities.

At times the role of social workers involves making tough judgements about risk to individuals and at times they have to use their ability and influence to protect the victims of poverty from themselves or from others. Examples include situations of domestic violence, child abuse or mental health. Social workers' long history of working with people in poverty situations and witnessing their changing behaviour illustrates the importance of integrating theory about professional values that respect people, their choices and decisions.

In this approach, community practice combines work with individuals and families with community work, focusing on enhancing resources and opportunities along with personal capacities and as individuals develop out of their poverty situations, so do communities, and the two become mutually reinforcing, creating a comprehensive and integrated model that addresses social and economic exclusion and social disintegration which is necessary for effective poverty eradication.



www.examrace.com

**45.** **अभिकथन (A)** : व्यवस्था को बदलने के लिये, समूह की व्यवस्था के भीतर रणनीतिक व्यक्तियों अथवा उपसमूहों तक पहुँच होनी चाहिए ।

**तर्क (R)** : समूह नेतृत्व को मत निर्माताओं से निबटने की समर्थता अवश्य होनी चाहिए ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(2) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(3) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये तथा गद्यांश के अन्त में दिये गये प्रश्नों (**46** से **50**) का गद्यांश की विषयवस्तु को समझते हुये उत्तर दीजिये :

भीषण गरीबी अनिश्चितता के स्थायी अथवा दीर्घकालिक स्वरूपों का परिणाम है जिससे व्यक्तियों, परिवारों, समुदायों तथा जनसंख्या समूहों की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । भीषण गरीबी से हम केवल भौतिक सहायता एवं क्षमता निर्माण से नहीं निपट सकते हैं, न ही गरीबी को कम करने के प्रयास तब तक सफल हो सकते हैं जबतक कि ये प्रयास मानव परिवार के सभी सदस्यों की स्वाभाविक मान-मर्यादा की मान्यता तथा उनके समान एवं अहरणीय अधिकारों पर आधारित न हों ।

व्यवहार में पूरी दुनिया में गरीबी के बारे में सामाजिक कार्यकर्ताओं की चिंता बढ़ी है क्योंकि उनका काफी लम्बे समय तक उपेक्षित अथवा अपवर्जित लोगों अथवा साधनविहीन व्यक्तियों, गरीबी की स्थिति में धकेलने वाले परिदृश्यों में काम करने का इतिहास रहा है । पिछली सदी में समाज कार्य के विकास में भीषण गरीबी के तीन आयाम नामतः आय निर्धनता, मानव विकास निर्धनता और सामाजिक अपवर्जन केन्द्रीय अवधारणाएँ रही हैं । दैनिक व्यवहार के सूक्ष्म स्तर में समाज कार्यकर्ता गरीबी से निपटने एवं जोखिम आंकलन के लिये, भी लोगों (व्यक्तियों तथा समुदायों) को मदद करने के लिये, अपनी स्थिति समझने तथा जहाँ तक संभव है अपने व्यवहार एवं अपने वातावरण में परिवर्तन लाने के लिये रचनात्मक एवं नवीन तरीके से कार्य कर रहे हैं ।

एक भूमिका की ओर ध्यान ज्यादा आकृष्ट होता है, वह है सामुदायिक विकास, जिसके लिये समुदाय विश्लेषण, सामाजिक नियोजन, समुदाय को संगठित करना एवं सामाजिक क्रिया में निपुणताओं की आवश्यकता होती है । सामुदायिक विकास के लिये औद्योगिक धारण, स्थानीय व्यवसाय, विकास कार्य प्रशिक्षण तथा स्थान निर्धारण के माध्यम से क्षेत्रीय निवासियों के लिये आर्थिक अवसरों को विकसित करने हेतु योग्यता की आवश्यकता होती है । दूसरी भूमिका सामुदायिक अभ्यास की है जिसके लिये उन सामाजिक कार्यकर्ताओं की आवश्यकता होती है जो लोगों को अपने संसाधन तथा अपनी क्षमता का पता लगाने में उनकी मदद कर सकें ताकि वे प्रभाव एवं सकारात्मक बदलाव का निर्माण कर सकें । इसकी महत्ता पर बल इस अहसास के द्वारा दिया जाता है कि गरीबी में वैयक्तिक विशेषताओं तथा किसी समुदाय के संसाधनों एवं अवसरों के बीच पारस्परिक अन्तःक्रियाओं का एक जटिल समुच्चय है ।

कभी-कभी सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका में व्यक्तियों के जोखिम के बारे में मुश्किल भरा फैंसला लेना सम्मिलित होता है तथा कभी-कभी उन्हें अपनी क्षमता एवं प्रभाव का उपयोग स्वयं के द्वारा अथवा अन्य के द्वारा गरीबी के दुष्प्रभाव से बचने के लिये करना पड़ता है । इसके उदाहरण में घरेलू हिंसा, बाल दुर्व्यवहार अथवा मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को शामिल किया जा सकता है । गरीबी की स्थिति में रह रहे लोगों के साथ काम करने एवं उनके व्यवहार में बदलाव लाने के बारे में लम्बे इतिहास से व्यावसायिक मूल्यों के विषय में समेकन सिद्धान्त की महत्ता का पता चलता है जिससे लोगों, उनकी पसन्दों एवं उनके निर्णयों को सम्मान मिलता है ।

इस उपागम में सामुदायिक अभ्यास सामुदायिक कार्य के साथ व्यक्तियों एवं परिवारों को जोड़ता है, और वैयक्तिक क्षमताओं के साथ संसाधनों एवं अवसरों की अभिवृद्धि पर संकेंद्रित करता है तथा जैसे व्यक्ति अपनी गरीबी की स्थितियों से बाहर निकलकर विकास करते हैं, वैसे ही समुदाय करते हैं और दोनों एक दूसरे को बल प्रदान करते हैं एवं एक व्यापक तथा समेकित प्रतिमान का निर्माण करते हैं जिससे कि सामाजिक और आर्थिक अपवर्जन एवं सामाजिक विघटन का हल निकाला जा सके जो कि प्रभावी गरीबी उन्मूलन के लिये आवश्यक है ।



www.examrace.com

**46.** What can be best way of reducing poverty ?

(1) Providing material aid and capacity building of poor.

(2) Initiating more and more poverty reduction initiatives.

(3) Recognising the inherent dignity and rights of each members of the society.

(4) Increasing the capacity of individuals, families, communities and population groups.

**47.** At micro level, the social workers deal with poverty issues by

(1) Helping people understand their situations and change their behaviour and environment to the extent possible.

(2) Being creative and innovative in helping people.

(3) Increased attention to community development.

(4) Developing skills in community analysis, social planning, community organization and social action.

**48.** What is the central idea emphasized in poverty reduction ?

(1) Community development along with fostering economic opportunities.

(2) Community practice and help people discover resources.

(3) Emphasis to use the ability of people and protect them from being victims of poverty.

(4) Community practice combined with individuals and families with community work focusing on enhancing resources and opportunities.

**49.** In community practice role, the social workers lay emphasis on

(1) viewing poverty as complex set of interactions between personal characteristics and community's resources and opportunities.

(2) Help people discover their own resources.

(3) Help people discover their own ability to create influence and possible change.

(4) Importance on personal characteristics of individuals and community resources and opportunities.

**50.** In the context of this paragraph, which of the following cannot be a role of social workers in poverty reduction ?

(1) Provisioning materials aid to the victims of poverty.

(2) Community Development

(3) Community Practice

(4) Tackling issues of domestic violence, child abuse or mental health.



www.examrace.com

**46.** गरीबी कम करने का सर्वोत्तम तरीका क्या हो सकता है ?

(1) गरीबों को भौतिक सहायता प्रदान करना तथा उनकी क्षमता का निर्माण करना ।

(2) अधिक से अधिक गरीबी कम करने के प्रयास शुरू करना ।

(3) समाज के प्रत्येक सदस्य की अन्तर्निहित मान मर्यादा तथा अधिकारों को मान्यता प्रदान करना ।

(4) व्यक्तियों, परिवारों, समुदायों एवं जनसंख्या समूहों की क्षमता में अभिवृद्धि करना ।

**47.** सूक्ष्म स्तर में समाज कार्यकर्ता गरीबी से निपटते हैं ।

(1) लोगों को अपनी स्थितियों को समझने तथा यथा सम्भव उनके व्यवहार एवं वातावरण में परिवर्तन लाने में उनकी सहायता करके ।

(2) लोगों को रचनात्मक एवं नवीन तरीकों से मदद करके ।

(3) सामुदायिक विकास में अभिवर्धित ध्यान देकर ।

(4) सामुदायिक विश्लेषण, सामाजिक नियोजन, समुदाय को संगठित करके तथा समाज कार्य में निपुणता विकसित करके ।

**48.** गरीबी कम करने में किस केंद्रीय विचार पर बल दिया गया है ?

(1) आर्थिक रूप से विकसित करने के साथ-साथ सामुदायिक विकास ।

(2) समुदाय अभ्यास तथा संसाधनों का पता लगाने में लोगों की सहायता करना ।

(3) गरीबी के दुष्प्रभाव से बचने के लिये लोगों को अपनी क्षमता का उपयोग करने पर बल देना ।

(4) सामुदायिक अभ्यास, सामुदायिक कार्य के साथ व्यक्तियों एवं परिवारों को जोड़ा जाना तथा संसाधनों एवं अवसरों की अभिवृद्धि पर संकेन्द्रित किया जाना ।

**49.** समुदाय अभ्यास में सामाजिक कार्यकर्ता बल देता है ।

(1) गरीबी को वैयक्तिक विशेषताओं तथा किसी समुदाय के संसाधनों एवं अवसरों के बीच पारस्परिक अन्तःक्रियाओं का एक जटिल समुच्चय के रूप में देखना ।

(2) अपने संसाधनों का पता लगाने में लोगों की सहायता करना ।

(3) प्रभाव एवं सकारात्मक बदलाव के निर्माण की अपनी क्षमता का पता लगाने में लोगों की सहायता करना ।

(4) व्यक्तियों की वैयक्तिक विशेषताओं तथा समुदाय के संसाधनों एवं अवसरों को महत्त्व प्रदान करना ।

**50.** इस पैरा के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन गरीबी कम करने में सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका नहीं हो सकती है ?

(1) गरीबी से आक्रान्त व्यक्तियों को भौतिक सहायता प्रदान करना ।

(2) सामुदायिक विकास

(3) सामुदायिक अभ्यास

(4) घरेलू हिंसा, बाल दुर्व्यवहार अथवा मानसिक स्वास्थ्य के विषयों से निपटना ।



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com